**लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को महावीर जयंती की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं दीं**

**1 अप्रैल, 2015, नई दिल्लीः** लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने महावीर जयंती की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने सन्देश में, श्रीमती महाजन ने कहा :

"मैं भगवान महावीर की जयंती के शुभ अवसर पर देशवासियों को बधाई देती हूँ। भगवान महावीर का जीवन सत्य और धर्म का प्रतीक है। इस महान तीर्थांकर की शिक्षाएं युगों से लोगों को सदाचारी और सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देती आइप हैं। उनका सद्भावपूर्ण और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और मानवजाति के प्रति निस्वार्थ सेवा के सन्देश और उनके दर्शन के प्रमुख सिद्धांतों को विश्व के सभी धर्मों और आस्थाओं के लोगों ने अपनाया और प्रतिपादित किया है। मुझे विश्वास है कि भगवान महावीर की शिक्षाएं अपने साथियों के प्रति प्रेम और करुणा से परिपूर्ण पावन जीवन जीने के हमारे संकल्प को सुदृढ़ करती रहेंगी।"